# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com

पत्रांक 4609 / कार्य- 09 / 136 | दिनांक 21-7-2026

**सेवा मे,**

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "त्यूरी इस्माइलपुर मे बच्चों–बुजुर्गो को दिक्कत, सड़क भी खराब" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"त्यूरी इस्माइलपुर मे बच्चों–बुजुर्गो को दिक्कत, सड़क भी खराब"** के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम त्योरीइस्माइलपुर विकास खण्ड नवाबगंज में उच्च जलाशय का निर्माण कार्य ग्राउन्ड लेवल तक पूर्ण, वितरण प्राणाली का कार्य लगभग पूर्ण तथा रोडरेस्टोरेशन का कार्य भी लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण है परन्तु ग्राम में कुछ स्थानों पर रोडरेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है तथा पेयजल योजना में मेन लाइन में लीकेज हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित है। योजना के समस्त अवशेष निर्माण कार्यो को पूर्ण करने एवं अवशेष रोडरेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर समस्त ग्राम में नियमित जलापूर्ति सुचारू करने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित कर दिया गया है।

**आख्या सादर प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**(मो0 कासिम हाशमी)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. संबंधित सहायक अभियन्ता / जू0इंजी0 (खण्डान्तर्गत)।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 558

Scanned with OKEN Scanner

# नवाबगंज में जल जीवन मिशन पाइपलाइन में फाल्ट से जलभराव: त्यूरी इस्माइलपुर में बच्चों-बुजुर्गों को दिक्कत, सड़क भी खराब

अभय प्रताप | कनासी, फर्रुखाबाद
2 दिन पहले



नवाबगंज विकास क्षेत्र के त्यूरी इस्माइलपुर गांव में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन में खराबी आ गई है। पाइपलाइन में फाल्ट के कारण लगातार पानी बह रहा है, जिससे गांव की सड़क पर जलभराव हो गया है। इस स्थिति से ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिक पानी बहने से सड़क खराब हो गई है और एक गहरा गड्ढा बन गया है। रमेश चंद्र तिवारी ने जानकारी दी कि यह पाइपलाइन अशोक कुमार दीक्षित के घर के गेट के पास टूटी हुई है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि पानी का बहाव ऐसे ही जारी रहा, तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। गांव के रास्ते से ट्रैक्टरों का आवागमन होता है, और गड्ढे के बढ़ने पर ट्रैक्टर फंसकर पलट सकते हैं। लगातार पानी बहने के कारण गांव की नालियों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पानी नालियों के ऊपर से बहकर फैल रहा है, जिससे गंदगी और जलभराव की समस्या और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने यह भी चिंता व्यक्त की कि यदि पानी का रिसाव जारी रहा, तो आसपास के घरों की नींव कमजोर होकर उनके बैठने की संभावना है। फूलवारीलाल नामक ग्रामीण ने बताया कि उनका एकमात्र कमरा पाइपलाइन के बिल्कुल पास है और यदि वह बैठ गया तो उनके पास रहने की कोई जगह नहीं बचेगी। लोकपाल दुबे, रामजीलाल और कल्लू बाथम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन का सारा पानी यहीं बह जाता है, जिससे कई घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता है। रामजीलाल ने बताया कि पाइपलाइन टूटने से हुए जलभराव के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों और बड़े-बुजुर्गों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। उन्हें गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

Scanned with OKEN Scanner